**आकाशवाणी**

**क्षेत्रीय समाचार एकांश**

**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**शनिवार 05.10.2024** **समय 1830**

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पीएम– किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त जारी की।
- प्रदेश के 7 लाख 98 हजार 38 लाभार्थी किसान परिवारों को 169 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि हस्तांतरित की गई।
- राज्य सरकार ने कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरों के लिए पेंशन पुनरीक्षण में समय सीमा की बाध्यता समाप्त कर दी है।
- उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने **समूह ''ग''** के 7 सौ 51 रिक्त पदों पर विज्ञापन जारी किया।

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महाराष्ट्र के वाशिम से लगभग तेईस हजार तीन सौ करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। ये परियोजनाएं कृषि और पशुपालन क्षेत्र से संबंधित हैं। श्री मोदी ने पीएम–किसान योजना की 18वीं किस्त भी जारी की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश भर में नौ करोड़ चार लाख से अधिक किसानों को 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि का प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ मिला है। प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आज प्रदेश के 7 लाख 98 हजार 38 लाभार्थी किसान परिवारों को 169 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि हस्तांतरित की गई। श्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों की आय दुगनी करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का उद्देश्य किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपए की दर से प्रत्यक्ष आय सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

## देहरादून पुलिस

देहरादून जिले में गलत सूचना देकर माहौल खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर धार्मिक भावनाएं भड़काने और झूठी खबरें प्रचारित करने वालों पर पुलिस की नजर है। उन्होंने लोगों से कहा कि धर्म पर आधारित कोई भी घटना सामने आए तो आक्रोश में आकर प्रतिक्रिया न करें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

## राफ्टिंग

उत्तराखंड की बेटियां जल्द ही ऋषिकेश में गंगा नदी पर पर्यटकों को राफ्टिंग कराती नजर आएंगी। इसके लिए पर्यटन विभाग ने 14 महिलाओं को अप्रैल से जून माह के बीच तीन महीने का निशुल्क व्हाइट वाटर रिवर राफ्टिंग गाइड का प्रशिक्षण दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर उत्तराखंड पर्यटन विभाग ने पहली बार महिलाओं को रिवर राफ्टिंग गाइड की ट्रेनिंग दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं और बड़ी संख्या में महिला पर्यटक भी राफ्टिंग के लिए आ रही हैं।

## समन्वय बैठक

भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तस्करी और अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए चंपावत जिले की विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने कहा कि नेपाल सीमा से मानव तस्करी, प्रतिबंधित दवाओं और मादक पदार्थों की तस्करी की आए दिन सूचनाएं मिलती रहती हैं। इसे रोकने के लिए उन्होंने एसएसबी, आईटीबीपी, पुलिस, एसओजी, साइबर सेल के साथ सूचनाओं का आदान–प्रदान करने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## सामुदायिक भवन

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून के पुरूकुल गांव में सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन के बनने से क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार जन भावनाओं के अनुरूप सभी क्षेत्रों में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही है।

## पेंशन पुनरीक्षण

प्रदेश में कोषागार से पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनर और पारिवारिक पेंशनरों को पेंशन पुनरीक्षण में समय सीमा की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। अब राज्य सरकार के पेंशनर और पारिवारिक पेंशनर अपने विभाग के माध्यम से पेंशन पुनरीक्षण फॉर्म कोषाधिकारी या उप कोषाधिकारी को भेज सकेंगे। कोषागार, पेंशन एवं हकदारी निदेशक दिनेश चंद्र लोहनी ने बताया कि तीन सितंबर को शासन ने पत्र जारी कर पेंशन पुनरीक्षण की समय सीमा की बाध्यता को समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि जिनकी पेंशन पुनरीक्षण की कार्रवाई नहीं हो पाई है, वे विभाग के माध्यम से फार्म संबंधित कोषाधिकारी अथवा उप कोषाधिकारी कार्यालय में दे सकते हैं।

## आवेदन आमंत्रित

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने समूह ''ग'' सीधी भर्ती के माध्यम से विभिन्न विभागों में 751 रिक्त पदों पर चयन के लिए विज्ञापन जारी किया है। विभाग ने डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, कम्प्यूटर सहायक–सह स्वागतकर्ता, कनिष्ठ सहायक, स्वागती, मेट, कार्यपर्यवेक्षक, आवास निरीक्षक के रिक्त पदों पर आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट sssc.uk.gov.in पर 11 अक्टूबर से एक नवम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, कम्प्यूटर सहायक–सह स्वागतकर्ता और कनिष्ठ सहायक के पदों पर चयन प्रक्रिया दो चरणों में होगी। पहले चरण में लिखित परीक्षा होगी और लिखित प्रतियोगी परीक्षा में मेरिट के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों की टंकण परीक्षा होगी, जिसमें पास होना अनिवार्य होगा।

## कैलाश दर्शन

कैलाश दर्शन यात्रा कर तीर्थयात्रियों का पहला जत्था आज पिथौरागढ़ जिला मुख्यालय पहुंचा। तीर्थयात्रियों ने बताया कि उन्होंने ओल्ड लिपु दर्रे से कैलाश मानसरोवर के दर्शन किए। साथ ही आदि कैलाश और ओम पर्वत के भी दर्शन किए। तीर्थयात्रियों ने यात्रा के लिए की गई व्यवस्थाओं के लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार जताया। पिथौरागढ़ के अपर जिलाधिकारी शिवकुमार बरनवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदि कैलाश दौरे के बाद देश–दुनिया से बड़ी संख्या में पर्यटक इस क्षेत्र में पहुंच रहे हैं।

## चरस

टिहरी पुलिस ने तीन किलोग्राम से अधिक चरस के साथ दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। अवैध चरस की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 30 लाख रूपये कीमत है। आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि उत्तराखंड को नशा मुक्त बनाने की परिकल्पना को साकार करने के लिए जिले के सभी थाना प्रभारियों को नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## मेरा सपना–मेरा लक्ष्य

बागेश्वर जिले में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत मेरा सपना–मेरा लक्ष्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में आज विकासखंड गरुड़ के बालिका इंटर कॉलेज पाये और पुरड़ा की 30 छात्राओं ने अधिकारियों से संवाद किया। ग्रामीण क्षेत्रों और दूरस्थ क्षेत्रों की बालिकाओं में छिपी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आशीष भटगाईं ने 19 सितंबर से इस पहल की शुरुआत की है। आज दूसरे सत्र में छात्राओं ने विकास भवन और कलेक्ट्रेट के सभी अनुभागों में संचालित विभागों की कार्यशैली का अवलोकन किया और जिलाधिकारी से संवाद किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मेरा सपना–मेरा लक्ष्य कार्यक्रम के तहत अब जिले की सभी छात्राएं एक–एक कर एक्सपोजर विजिट में प्रतिभाग करेंगी।

## दुर्घटना

टिहरी जिले में ऋषिकेश–गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज दोपहर आईटीबीपी की एक बस पलट गई, जिसमें सात जवान घायल हो गए। घायलों को श्री देव सुमन उप जिला चिकित्सालय नरेंद्र नगर में भर्ती कराया गया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने बताया कि बस में कुल 38 जवान सवार थे, जो उत्तरकाशी जा रहे थे।

## खोजबीन अभियान

चमोली जिले में स्थित चौखंबा–तीन पर्वत के आरोहण के लिए गई दो विदेशी महिला पर्वतारोहियों की तलाश जारी है। वायुसेना और राज्य आपदा मोचन बल का संयुक्त दल आज चौखंबा में बचाव और खोजबीन अभियान चला रहा है। कल वायु सेना के दो हेलीकाप्टरों ने पर्वतारोहियों की तलाश के लिए खोजबीन अभियान चलाया था, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल पाया था। गौरतलब है कि गुरुवार को दोनों विदेशी पर्वतारोहियों के फंसने की सूचना मिली थी, जिसके बाद से खोजबीन अभियान चलाया जा रहा है।